# कार्यालय छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर

व्यापम भवन, सेक्टर–19, नार्थ ब्लॉक, नया रायपुर (छ.ग.)–492002
Phone No.- 0771-2972780, Fax No.- 2972782,
E-mail- cgvyapam@gmail.com, Website- cgvyapam.choice.gov.in


क्रमांक/व्यापम/2017/ 652 रायपुर, दिनांक 03/05/17

## प्रेस विज्ञप्ति

### संयुक्त भर्ती (CROS17) परीक्षा –2017 के परीक्षा परिणाम (कौशल परीक्षा हेतु पात्र एवं अपात्र) जारी करने के सम्बंध में

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर द्वारा दिनांक 05.02.2017 को पूर्वान्ह 10.00 बजे से 1.15 बजे तक विभिन्न विभागों के अंतर्गत (शीघ्रलेखक (हिन्दी/अंग्रेजी), स्टेनो टायपिस्ट (हिन्दी), डाटाएंट्री ऑपरेटर, सहायक ग्रेड–3) के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु संयुक्त भर्ती (CROS17) परीक्षा आयोजित की गई थी।

उक्त परीक्षा के मॉडल उत्तर व्यापम के वेबसाइट **cgvyapam.choice.gov.in** पर दिनांक 17.03.2017 को प्रदर्शित किया गया था तथा दिनांक 22.03.2017 को सायं 5.30 बजे तक सप्रमाण दावा/आपत्ति प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि निर्धारित थी। प्राप्त दावा/आपत्तियों का निराकरण विषय विशेषज्ञों द्वारा किया गया। परीक्षा के अंतिम उत्तर तथा परीक्षा परिणाम (कौशल परीक्षा हेतु पात्र या अपात्र) दिनांक 03.05.2017 को घोषित किया गया ।

कौशल परीक्षा हेतु शीघ्रलेखक (हिन्दी/अंग्रेजी), स्टेनो टायपिस्ट (हिन्दी) के कुल रिक्त पदों के 10 गुना एवं डाटाएंट्री ऑपरेटर, सहायक ग्रेड–3 हेतु कुल रिक्त पदों हेतु 05 गुना अभ्यर्थियों को कौशल परीक्षा हेतु बुलाया जावेगा ।

कौशल परीक्षा हेतु पात्र घोषित किए गए अभ्यर्थियों की कम्प्यूटर में टायपिंग गति की परीक्षा पृथक से आयोजित होगी । कौशल परीक्षा के बाद अंतिम परिणाम घोषित किया जावेगा ।

घोषित परीक्षा परिणाम व्यापम के वेबसाइट **cgvyapam.choice.gov.in** पर अवलोकन कर प्रिंट आउट प्राप्त कर सकते हैं।

कृपया उक्त विज्ञप्ति अपने लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र में समाचार वृत्त के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें ।

PC

नियंत्रक
छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल
रायपुर